तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 3 जून 2025

12 ग्रीष्मकालीन शिविर में योग, कबड्डी, खोखो, रिले रेस बैडमिंटन ...



10 महापौर-आयुक्त ने देखी वार्डों की सफाई व्यवस्था





## खबर संक्षेप




### जामगांव आर में लोक निर्माण विश्राम गृह तैयार उद्घाटन की प्रतीक्षा

**बलोद।** जामगांव आर लोकनिर्माण विश्राम गृह का शानदार भवन जामगांव आर धमतरी रोड किनारे जामगांव आर भंसुली में 80 लाख की लागत से बनकर तैयार हो गई है। चमचमाती रोड किनारे सूर्य की सुनहरी किरणों में चमक देते हुए सबको लुभाने लगी है। व्यवस्थम रोड में चलने वाले राहगीर यात्रियों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है कि आखिर उद्घाटन कब होगा। लोगो की जिज्ञासा अनुरूप लोकनिर्माण विभाग के अनुभवी सीनियर एसडीओ आर के शुक्ला ने बताया कि भवन का कार्य पूर्ण हो चुका है शीघ्र ही उद्घाटन कराया जाना है। एसडीओ शुक्ला ने विद्युत और फर्नीचर कार्य शेष बताया। जिसे शीघ्र ही पूर्ण कराया जाना है।

### महेश नवमी पर शिव कथा कल तक जारी



**डौडीलोहारा।** महेश नवमी पर पंच ग्राम तपोभूमि में 5 दिवसीय महायज्ञ 31मई से शुभारंभ हुआ जो 4 जून तक चलेगा। यह स्थान राजनांदगांव और बालोद जिले के सीमा पर स्थित है। आचार्य पंडित विनोद तिवारी शिव पंचायत कथा बता रहे हैं। आचार्य जी ने कहा कि शिव कथा सूर्य दिवस (रविवार) को श्रवण किया जाए तो निरोग जीवन मिलता है। इसी तरह अलग-अलग दिवसों के बारे में विस्तार से बताया। संगीत मय कथा सुनने आस- पास के श्रद्धालु भक्त जनों की उपस्थिति बड़ी संख्या में हो रही है। महेश्वर महादेव शिवलिंग की मूर्ति स्थापित किया गया है और मंदिर निर्माण जारी है। अंतिम दिवस 4 जून को महायज्ञ पूर्णाहुति कर भंडारा का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी शिक्षक पीलू राम साहू ने दी।

### महिला ने लगाई फांसी जांच में जुटी पुलिस

**बालोद।** बालोद के कुर्मीपारा मे सोमवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया। जब कुर्मीपारा के एक घर मे महिला की फांसी के फंदे पर लटकी लाश मिली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह कुर्मीपारा मे एक महिला का शव फांसी के फंदे मे लटका मिला। जिसका नाम यासिन बानो 29 वर्श बताया जा रहा है। जिसके फांसी मे लटके होने की जानकारी उसके पति द्वारा पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर महिला के शव को फंदे से उताकर जांच मे जुट गई। वही जांच के दौरान दुर्ग से फांरेसिंक टीम भी जांच के लिए बालोद पहुंची थी। महिला ने ऐसा कदम क्यो उठाया यह पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। जिसकी जांच मे पुलिस जुटी हुई है।

### युवक की पिटाई की, 3 पर नामजद रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** ग्राम मनकी सामुदायिक भवन के पास तीन लोगो ने ओमेश साहू की पिटाई कर दी। पुलिस के अनुसार ओमेश साहू ने जानकारी दी कि गांव के एक व्यक्ति का निधन होने पर 29 मई को तीजनाहवन कार्यक्रम के बाद सामुदायिक भवन के पास मृत्यु भोज कार्यक्रम रखा गया था। वहां खाना खाने के बाद घर जा रहा था। इस दौरान 9:30 बजे सामुदायिक भवन के पास पुनेश्वर साहू, एवन साहू एवं टीकम साहू तीनो ने रंजिश को लेकर विवाद किया। जिसके बाद हाथ, मुक्का से मारपीट की। कुशल साहू ने बीच बचाव किया। तीनो युवको के खिलाफ देवरी थाने मे धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

# गायत्री परिवार के शिविर के समापन में हल्दी पैकेट और फलदायी पौधों का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला गायत्री परिवार बालोद द्वारा बालोद स्थित गायत्री मंदिर मे चार दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया था जिसमे चार दिनो तक विभिन्न कार्यक्रमो के आयोजन के बाद शिविर का समापन हुआ। शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशानुसार 26 मई से 30 मई तक 4 दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में भाग लेने वाले 109 बच्चों को प्रमाण पत्र के साथ सफेद हल्दी पैकेट, फलदार पौधा वितरित किया गया।

जिसके समापन समारोह मे मुख्य अतिथि विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा थी तथा

**चार दिवसीय शिविर में आध्यात्मिक जीवन युग निर्माण योजना में सहयोग देने की अपील की**





अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने किया। विशेष अतिथि डॉ प्रदीप जैन, जिला समन्वयक बीएस आठनागर, सर्व समाज दुर्ग ब्रह्मदेव पटेल, सेनि इंजीनियर बिंदु पटेल, नगरपालिका के पार्षद गण किरण साहू, श्याम यादव, आशा पटेल उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा गायत्री माता गुरुदेव के समक्ष दीपक जलाकर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, पुजारी द्वारा मंत्रेच्चार पाठ किया गया। स्वागत क्रम मे दशरथ कलिहारी, शांति साहू, हेमवती सिहरे, निर्मला सोनवानी, कोशिकी सोनबोईर, लोचन साहू, ओमप्रकाश गजेन्द्र, टीआर साहू, कमल टूवानी, शंकर साहू, पुष्पा यादव ▶▶| शेष पेज 10 पर

**मांग**

**अपर कलेक्टर से प्रतिनिधिमंडल ने पारदर्शिता के अभाव में काउंसिलिंग निरस्त करने की मांग की**

# युक्तियुक्तकरण व काउंसिलिंग के विरोध में शिक्षकों ने की नारे बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण व सेटअप 2008 के अनुसार युक्तियुक्तकरण नहीं करने से नाराज शिक्षकों ने सुबह 9 बजे से इकट्ठा होकर जिला पंचायत के सामने विरोध प्रदर्शन किया व काऊंसिलिंग बहिष्कार का ऐलान किया। शिक्षक साझा मंच के प्रांतीय आह्वान पर वि सं ग ति पू र्ण युक्तियुक्तकरण के विरोध व अन्य मांगों को लेकर काऊंसिलिंग बहिष्कार के लिए काऊंसिलिंग स्थल जिला पंचायत बालोद के बाहर विरोध प्रदर्शन कर शिक्षको ने नारेबाजी की।

■ अतिशेष शिक्षकों की जारी सूची में भारी विसंगति, दावा आपत्ति भी नहीं

विदित हो कि शिक्षक साझा मंच द्वारा चार सूत्रीय मांग विसंगति पूर्ण युक्तियुक्तकरण को निरस्त कर सेटअप 2008 का पालन करने, सोना साहू के प्रकरण के आधार पर क्रमोन्नति का जनरल आर्डर करने, प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व की सेवा गणना कर पुरानी पेंशन देने, पदोन्नति में बीएड, डी. एड. दोनों को मान्य करने की मांग को लेकर लगातार आंदोलन की जा रही है। जिला संचालक दिलीप साहू ने कहा कि विगत 28 मई को राजधानी के तूता धरना स्थल पर प्रदर्शन कर मंत्रलय घेराव के लिए आंदोलन किया गया था, फिर भी सरकार एवं विभाग द्वारा अब तक सकारात्मक निर्णय नहीं लेने के कारण जिला स्तरीय विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। वहीं अतिशेष शिक्षकों की जारी सूची में भारी विसंगति, दावा आपत्ति नहीं लिए जाने व



**प्राशा के शिक्षकों की काउंसिलिंग आज**

**बालोद।** प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी डीपी कोसरे ने बताया कि युक्तियुक्तिकरण 2025 के तहत द्वितीय दिवस 03 जून को प्राथमिक शालाओं के अतिशेष हुए सहायक शिक्षक एवं प्रधान पाठकों के काउंसलिंग की प्रक्रिया जिला पंचायत बालोद में की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रधान पाठक प्राथमिक शाला, सहायक शिक्षक ई संवर्ग की काउंसलिंग सुबह 10 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक तथा प्रधान पाठक प्राथमिक शाला, टी संवर्ग की काउंसलिंग दोपहर 02 बजे से किया जाएगा। उन्होंने समस्त शिक्षकों को काउंसलिंग स्थल में पहचान पत्र के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

रिक्त पदों की पहले से नहीं दिखाने पर भी शिक्षकों ने नाराजगी व्यक्त की। वही प्रदर्शन के दौरान शिक्षक साझा मंच के पदाधिकारियों को जिले के अधिकारी द्वारा चर्चा के लिए बुलाया गया, जिसमें अपर कलेक्टर से प्रतिनिधिमण्डल की चर्चा में पदाधिकारियों ने पारदर्शिता के अभाव में काऊंसिलिंग निरस्त करने की मांग की। विरोध प्रदर्शन में शिक्षक साझा मंच के जिला संचालक दिलीप साहू, जितेंद्र शर्मा, देवेंद्र हरमुख, वेदप्रकाश साहू, रामकिशोर खारांशु, शिव शांडिल्य, वीरेन्द्र देवांगन, नरेंद्र कुमार साहू, पवन कुंभकार, सूरज गोपाल गंगबेर, गजेंद्र रावटे, अविनाश साहू, हरीश साहू, शिवेंद्र बहादुर साहू, शेषलाल साहू, संदीप दुबे, खिलानंद साहू, अमितसिन्हा, रामकृष्ण, रिखी राम धुरव, द्वारिका भारद्वाज, सुरेश सिन्हा, धीरज कस्तूरे, नितिन सोनबरसा, संतोषी शांडिल्य, उमेश साहू, कृष्णकांत यादव, गुलाब भारद्वाज, महेंद्र तांडिया, लीलाधर ठाकुर, रूपेश गौतम, रविन्द्र नाथ योगी, विजय साहू, कांतू चंदेल, मोहन सिन्हा, उमेश साहू, मनीष मसियारे, नितीन सोनबरसा, जितेंद्र यादव, अमित सिन्हा, महेंद्र टांडिया, रोमन साहू, धनेश सिन्हा, रामदास साहू, सुरेश सिन्हा, बृजमोहन मानिकपुरी,संतोष देवांगन, पुरूषोत्तम साहू, जनक साहू, पूजा ▶▶| शेष पेज 10 पर

**युक्तियुक्तिकरण नीति के तहत अतिशेष शिक्षकों की शांतिपूर्वक हुई काउंसिलिंग**



**बालोद।** राज्य शासन के निर्देशानुसार बालोद जिले में युक्तियुक्तिकरण के तहत चिन्हांकित अतिशेष शिक्षकों की काउंसलिंग की प्रक्रिया आज पहले दिन शांतिपूर्ण ढंग से एवं पारदशएँ तरीके से संपन्न हुआ। इसके अंतर्गत कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक, अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी डीपी कोसरे एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति एवं देखरेख में जिला पंचायत कार्यालय स्थित मुख्य कार्यपालन अधिकारी के कक्ष में शिक्षकों की काउंसलिंग की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। उल्लेखनीय है कि काउंसलिंग में शामिल होने के लिए आज सुबह से ही जिले के शिक्षक जिला पंचायत कार्यालय में पहुँच चुके थे। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार काउंसलिंग की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक एवं पारदशएँ तरीके से संपन्न कराने हेतु शिक्षा एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा जिले के सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। काउंसिलिंग के कार्य में लगे ▶▶| शेष पेज 10 पर


■ कलेक्टर दिव्या मिश्रा की उपस्थिति में काउंसिलिंग प्रक्रिया पूरी की गई

## दो शालाओं में तालाबंदी की नौबत, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम विकास समिति जामगांव बी ने नियम विरूद्ध शालाओ का युक्तियुक्तकरण न करने की मांग करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौपा है।

ज्ञापन मे कहा गया है कि शालाओ का युक्तियुक्तकरण ए नियम मे एक ही परिसर मे होने के स्थिति मे युक्तियुक्तकरण करने का आदेश दिया गया है जबकि पूर्व माध्यमिक विद्यालय अलग अलग परिसर मे संचालित है। बी नियम मे कम दर्ज वाले शालाओ का युक्तियुक्तकरण करने का आदेश दिया गया है लेकिन बालक पूर्व माध्यमिक शाला बी जामगांव मे दर्ज संख्या 70 से अधिक एवं कन्या पूर्व माध्यमिक शाला बी जामगांव मे दर्ज संख्या 50 से अधिक है। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बी जामगांव अलग अलग स्थान पर संचालित है। युक्तियुक्तकरण छ.ग शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश अनुसार नियम विरूद्ध है। इसलिए ग्राम बी जामगांव के दोनो पूर्व माध्यमिक बालक व कन्या शाला को एवं प्रधान पाठको को यथावत रखा जाए। वही ग्रामीणो ने यह भी कहा है कि यदि बालक व कन्या पूर्व माध्यमिक शाला जामगांव बी द्वारा युक्तियुक्त करण निरस्त नही किया जाता है तो ग्रामवासियो द्वारा दोनो शालाओ पर तालाबंदी किया जावेगा।



### एक युवक की तीन ने की पिटाई, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** गुण्डरदेही पेट्रोल पंप के पास तीन युवको ने प्रीतम देशलहरे की पिटाई कर दी। पुलिस को जानकारी देते हुए प्रीतम ने बताया कि 30 मई को वह अपने बुआ के घर रंगकठेरा गया था। वहां से दोपहिया वाहन मे पेट्रोल डलवाने पास के पंप जा रहा था। इस दौरान एक बाईक मे सवार चालक ने कट मारते हुए गाली गलौज की जिसके बाद बाईक मे सवार तीन लोगो ने हाथ मुक्का से उसके साथ मारपीट की। जिसके बाद उसने गुण्डरदेही थाने मे बाईक सवार तीन युवको के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## नीलकंठ सतनामी समाज के फिर अध्यक्ष निर्वाचित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

तहसील सतनामी समाज गुण्डरदेही के तीन साल कार्यकाल पूर्ण हो जाने के बाद वर्तमान अध्यक्ष नीलकंठ टंडन को पुनः तहसील सतनामी समाज का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है।

जिला पदाधिकारी व चुनाव अधीकारी की उपस्थिति मे सर्व सम्मति से गुण्डरदेही तहसील सतनामी समाज के नए पदाधिकारियो की घोषणा कि गई। जिसमे अध्यक्ष नीलकंठ टंडन, उपाध्यक्ष निर्मला पाटिल, उपाध्यक्ष कोमल दास देशलहरा, कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल गेंडरे, महासचिव थानू राम बांधे, सचिव कमलकांत कुर्रे, संगठन सचिव ओटेबंद सेक्टर बालाराम कोसरे, सिकोसा सेक्टर विक्रम सिंह टंडन.गुण्डरदेही सेक्टर महेंद्र कुमार सोनवानी, रजोली सेक्टर प्रभू राम टंडन निर्वाचित हुए।

उपस्थित जिला अध्यक्ष संजय बारले ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। वही दूसरी बार अध्यक्ष बने नीलकंठ टंडन ने सभी सामाजिक लोगो का आभार मानते हुए कहा कि आप लोगो ने आशिर्वाद देकर दोबारा मुझे समाज सेवा करने का अवसर दिया है, उस कार्यो को हम सब मिलकर करेगे। वही जिला अध्यक्ष संजय बारले व तहसील अध्यक्ष नीलकंठ टंडन के मार्गदर्शन व सामाजिक एकजुटता से अन्य पदाधिकारियो को भी निर्विरोध चुना गया।

इस अवसर पर चुनाव समिति के सदस्यगण प्रेम दास टंडन, पवन जोशी, संजय जोशी, गोपाल दास बजांरे, मन्नूलाल देशलहरे, मानसिंह देशलहरा, ग्रामीण–भंडारी, छड़ीदार, ग्रामीण अध्यक्ष जोहन जांगड़े, नोहर सोनवानी, मंथिर लाल कोसरे, कुणाल कुर्रे, संतोषी बाई देशलहरे, परमानंद, रामेश्वर बंधेल, दीनदयाल चंदानिया, सूबेदास रात्रे, जागेश्वर कुर्रे, नेतराम बंजारे, सावली राम टावरे, सन्तराम देशलहरा, चमन जनार्दन व बड़ी सख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन छबीलाल बंजारे अधिवक्ता के द्वारा किया गया।

## कार चालक की लापरवाही से बाइक समेत सवार गिरा

**बालोद।** रविवार शाम को आईटीआई बालोद के आगे तांदुला मार्ग पर बड़ा हादसा होते होते टल गया। जिसमे कार सवार द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर अपर डिपर नही देने के कारण बाईक सवार युवको को आगे का मार्ग नही दिखने से उनका वाहन सड़क के नीचे स्थित खाई नुमा झाड़ियां मे बाईक सहित गिर गया। मिली जानकारी के अनुसार शहर के पांडेपारा निवासी दो युवक तांदुला जलाशय की ओर शाम को बाईक के माध्यम से घुमने जा रहे थे इसी दौरान तांदुला जलाशय की ओर से आ रहे एक कार द्वारा अपर डिपर नही देने के कारण बाईक सवार युवको को आगे का मार्ग दिखाई नही दिया व वे मार्ग के बगल स्थित झांड़ियो भरी खाई मे जा गिरे जहां उन्हे मामूली चोटे आई। जो अस्पताल मे जांच कराने के बाद अपने घर चले गए।

## प्रशिक्षण में किसानों को नई तकनीक की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



ग्राम पंचायत खपरी ब में किसान प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमे किसानो को नई तकनीक के साथ आधुनिक दुनिया से कदम से कदम मिलाकर कृशि कार्य करने तथा नई तकनीकी को अपराकर अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए प्रेशित किया गया। कषि एवं किसान कल्याण मंत्रलय भारत सरकार एवं कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जय प्रौद्योगिकी विभाग छत्तीसगढ़ शासन रायपुर द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम में वैज्ञानिकों के द्वारा जैविक खेती उन्नत खेती, पशुधन एवं विभिन्न विषयों पर ग्राम के किसानों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत के सरपंच लेखराम साहू, ग्राम पंचायत के सभी पंच, जिला किसान संघ अध्यक्ष सावत राम साहू सहित ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम में विकसित कृषि अभियान का रथ एवं पशुधन विभाग का रथ एवं वैज्ञानिकों की पूरी टीम उपस्थिति रही। जिनके द्वारा ग्राम के किसानों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें किसानों को आने वाले समय में किसी भी प्रकार से समस्याओं का सामना न करना पड़े एवं कृषि विभाग पशुपालन विभाग से किसानों का संवाद होता रहे इसलिए इस प्रकार का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

**उपकेंद्र में दो 05-05 एम.व्ही.ए. का पॉवर ट्रांसफार्मर पूर्व से ही स्थापित किया गया है**

# अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगाया गया, लो वोल्टेज से मिलेगी निजात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/दल्लीराजहरा

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को पर्याप्त वोल्टेज के साथ निर्बाध विद्युत सप्लाई देने के लिए अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगाए जा रहे है।

इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र द्वारा बालोद जिले में स्थित दल्ली राजहरा टाउन वितरण केंद्र के अंतर्गत 33द्11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र चिखलाकसा में 75 लाख रुपए की लागत से 3.15 एम.व्ही.ए. का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगाकर ऊर्जाकृत किया गया, जिससे उपकेंद्र की क्षमता बढ़कर 13.15 एम.व्ही.ए. हो गई है। जिसमें उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले लगभग 3000 उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत की आपूर्ति होगी। उल्लेखनीय है कि उपकेंद्र में दो 05–05 एम.व्ही.ए. का पॉवर ट्रांसफार्मर पूर्व से ही स्थापित है। 3.15 एम.व्ही.ए. का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगने से उपकेंद्र की क्षमता बढ़कर 13.15 एम.व्ही.ए. हो गई है, जिससे ओवरलोड की समस्या के निराकरण के साथ ही उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति प्रदान की जा सकेगी।



संचारण–संधारण संभाग बालोद के कार्यपालन अभियंता एस.के.बंड ने बताया कि उपकेंद्र में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगने से दल्ली राजहरा के लगभग 3000 उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज एवं ओवर लोडिंग की समस्या से राहत मिलेगी एवं सभी घरों तक उच्च गुणवत्ता की बिजली पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि विद्युत उपकेंद्र की क्षमता बढ़ने से चिखलाकसा, मथुरा नगर, निर्मला स्कूल क्षेत्र, ओड़िया पारा, मच्छी मार्केट, ट्यूबलर सेट, पटेल कॉलोनी, श्रमवीर चौक, बस स्टैंड, सुभाश चौक, एमबीपी सेंटर एरिया के उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने अधीक्षण अभियंता सलिल कुमार खरे, कार्यपालन अभियंता परियोजना डी.के.भारती एवं कार्यपालन अभियंता एसटीएम पी.के.पलसोकर और उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए बताया कि पॉवर कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारी उपभोक्ताओं तक गुणवत्तापूर्ण बिजली पहुंचाने के लिए समर्पित होकर कार्य कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि सबस्टेशन की क्षमता बढ़ने से उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

# मोर गांव मोर पानी महाअभियान शुरु, ग्रामीणों ने ली पानी बचाने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मोर गांव मोर पानी महाअभियान शुरु किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने पानी बचाने की शपथ दिलाई। अभियान के तहत एकेच गोठ एकेच बानी बूँद - बूँद बचाबो पानी दुर्ग जिले के सभी ग्राम पंचायतों में महाअभियान चलाया जा रहा है। बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों ने अपनी भागीदारी दी। हर खेत में पानी हर घर में खुशहाली का संकल्प लिया जा रहा है। जल संरक्षण के संबंध में चर्चा करते हुए सांसद विजय बघेल ने कहा कि हमें जल संरक्षण के लिए जागरूक रहते हुए जल संरक्षण के सभी तरीकों को अपनाना होगा। अगर आज ज़ल संरक्षण नहीं करेंगे तो आने वाली भावी पीढियां स्वच्छ पानी के लिए तरस जाएंगी। जल संरक्षण करने से भू-जल स्तर में वृद्धि होगी । जरूरी है कि हम परंपरागत पानी के स्त्रोतों का उन्नयन करें। तालाबों को वर्षा ऋतु के पहले सफाई और नए स्त्रोतों का निर्माण करने कहा गया। मोर गांव मोर पानी महा अभियान का हिस्सा बने और अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाएं। छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं अन्य मंत्रीगण, पंचायत प्रतिनिधि, महिला समूह या गांव की जल संचयन वाहिनी की दीदियों द्वारा गांव-गांव में जल बचाने के अभियान को गति दी जा रही है।

## हर खेत में पानी, हर घर में खुशहाली का लिया जा रहा संकल्प

### पानी रोकने के कार्यों को दी जा रही प्राथमिकता : कलेक्टर

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि शासन की योजनाओं से पानी रोकने में मदद करने वाले सभी निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जिले में कराया जा रहा है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से नए तालाबों का निर्माण, पुराने तालाबों का गहरीकरण, नदी नालों का पुनरुद्धार अंतर्गत गाद सफाई कार्य, अमृत सरोवर निर्माण, डबरी निर्माण जैसे प्रमुख कार्य ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे है। वर्षा का जल एकत्र करने के लिए महात्मा गांधी नरेगा के तहत रिचार्ज पीठ बड़ी संख्या में स्वीकृत किया गया। जनपद पंचायत दुर्ग में 59 जनपद पंचायत धमधा में 118 एवं जनपद पंचायत पाटन 88 निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया है। इन कार्यों से जल संरक्षण के लिए परिसंपत्तियों का निर्माण हो रहा है। ग्रामीणों को बड़ी मात्रा में रोजगार मिल रहा है।




### ग्रामीण कर रहे श्रमदान

पंचायत स्तर पर ग्रामीणजन द्वारा श्रमदान करके सोखता गड्ढा का निर्माण किया गया।इस महाअभियान को सार्थक करने जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे ने लोगों से अपील की है। जल की महत्ता बताते हुए कहा कि जिले के सभी गांवों में वॉटर हार्वेस्टिंग संरचना के लिए के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। दीवार लेखन, रैली और ग्राम सभाओं के माध्यम से गांव-गांव में मोर गांव मोर पानी महाभियान के तहत प्रस्तावित नारे का दीवार लेखन कराया गया।

## खबर संक्षेप



### भगवान नाम प्रभात कीर्तन निकाला गया

**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग के तत्वावधान में संत आशाराम बापू की युवा सेवा संघ द्वारा भगवान नाम प्रभात कीर्तन यात्रा लंगूर वीर मंदिर दुर्ग से निकाली गई। भगवान नाम कीर्तन यात्रा को पूरे शनिचरी मार्केट में घुमाए गए। इस यात्रा में ऋषि प्रसाद मासिक पत्रिका निःशुल्क बांटी गई। अंत में युवा सेवा संघ की संकल्प सभा रखी गई। मंदिर परिसर में बच्चों की संस्कार सभा भी चल रही थी। उक्त जानकारी युवा सेवा संघ ने दी।

### समाधान शिविर में मनोज को मिला मोची पेटी



**दुर्ग।** ग्राम करेली के मनोज कुमार को शासन की स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत मोची कार्य के लिए आवश्यक मोची पेटी और उपयुक्त औजार प्रदान किया गया। यह पहल न केवल उन्हें रोजगार से जोड़ने का माध्यम बनी है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी एक नई दिशा मिली। मनोज कुमार लंबे समय से पारंपरिक मोची कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे, लेकिन आधुनिक औजारों और सुविधाओं की कमी के कारण उनका काम सीमित रह गया था। हाल ही में जनपद पंचायत धमधा के ग्राम दानीकोकड़ी में आयोजित समाधान शिविर में हितग्राही को रविदास चर्म शिल्प योजना के तहत मोची पेटी एवं औजार का वितरण किया गया। जिसमें चमड़ा काटने, सिलाई, पॉलिशिंग और मरम्मत के लिए सभी आवश्यक औजार शामिल हैं। इसके अलावा उन्हें एक पोर्टेबल मोची पेटी भी दी गई है, जिससे वे अपने काम को आसानी से कहीं भी लेकर जा सकते हैं।

### निकाली जाएगी साइकिल रैली

**दुर्ग।** नगर निगम द्वारा आयोजित पर्यावरण दिवस कार्यक्रम में ड्राइंग प्रतियोगिता के अलावा साइकिल रैली भी निकाली जाएगी। महापौर श्रीमती बाघमार ने बताया कि ड्राइंग स्पर्धा में मिडिल स्कूल के बच्चे प्रतिभागियों की भागीदारी देंगे। उन्होंने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस पर साइकिल रैली निकालकर पर्यावरण बचाने का संदेश भी दिया जाएगा।

### ढाई लाख का सामान पार करने वाला गार्ड और खरीदार गिरफ्तार



**भिलाई।** जामुल स्थित आयरन फैक्ट्री में गार्ड के द्वारा सामान पार करने वाले मामले में दो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 306, 317(2), 112(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि जामुल स्थित औद्योगिक क्षेत्र के रंजना इंडस्ट्रीज में सामान पार हुआ था। फैक्ट्री के सीसी कैमरे में गार्ड और उसके दोस्त का हरकत कैद हो गया था। संचालक नेहरु नगर निवासी रितेश रायका ने चेक करने पर दोनों का फूटेज मिलने पर पुलिस को सूचना दी थी। चोर ने 29 मई की रात फैक्ट्री से आयरन पिन, आयरन प्लेट, कटिंग लोहा की बड़े पैमाने पर चोरी की गई थी। जामुल पुलिस ने फुटेज के आधार पर श्याम नगर पावर हाउस छावनी निवासी गार्ड रईस खान से पूछताछ किया। गार्ड ने फैक्ट्री में चोरी करना स्वीकार किया। रईस के मुताबिक चोरी का सारा सामान लोहे का वो लोग भागवत चन्द्राकर के पास ले गए और बेच दिया। पुलिस उसे लेकर श्याम नगर पावर हाउस छावनी निवासी खरीदार भागवत चंद्राकर के यहां पहुंची और चोरी का माल जब्त किया। चोरी गए माल की कुल कीमत 2.50 लाख रुपए आंकी गई है।

## विधायक ने 7 निषाद सामुदायिक भवनों के लिए 70 लाख और सर्व सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख देने की घोषणा

# समाज के हित में संविधान का पालन करें और संगठित रहे : विधायक कुंवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अर्जुंदा ब्लॉक के ग्राम भिलाई (चीचा) में छत्तीसगढ़ निषाद (केंवट) समाज जिला बालोद द्वारा आयोजित वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि श्री कुंवर सिंह निषाद विधायक गुंडरदेही एवं प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ निषाद केंवट समाज ,अध्यक्षता श्री ललित चंद्राकर जी विधायक दुर्ग ग्रामीण शामिल होकर भगवान श्री रामचंद्र जी की छायाचित्र पर फूलमाला अर्पित कर पूजा अर्चना कर प्रदेश एवं क्षेत्र वासियों के खुशहाली के लिए कामना किया।

विधायक सभा को संबोधित करते हुए क्षेत्र में सात जगह निषाद सामुदायिक भवन 70 लाख एवं ग्राम भिलाई में 10 लाख का सर्व सामुदायिक भवन हेतु राशि देने का घोषणा किया। विधायक ने सभी पदाधिकारियों को समाज के संविधान के अनुरूप एवं समाज हित में काम करने और एकजुटता का परिचय देते हुए समाज को जोड़ने के लिए कहा है।निषाद समाज को सामाजिक राजनीतिक व आर्थिक मजबूती के लिए कार्य करना है। जब तक समाज में शिक्षा व संस्कार नहीं बढ़ेगा तब तक समाज आगे नहीं बढ़ पाएगा। समाज के सभी कार्यक्रम में हमारे समाज के महान व्यक्तियों का संस्मरण करना चाहिए। समाज में व्याप्त कुरीतियों का त्याग कर सामाजिक एवं राष्ट्रीय मुख्य धारा से जुड़े। दुर्ग ग्रामीण विधायक श्री ललित चंद्राकर जी ने समाज के विकास और उपलब्धियों की सराहना की। विधायक जी ने कहा कि आज का कार्यक्रम इस बात का प्रमाण है कि शिक्षा, खेल, और व्यवसाय के क्षेत्र में समाज के युवा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।विधायक जी ने छत्तीसगढ़ राज्य के 10 वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट तीसरा स्थान हासिल करने वाले छात्रा को बधाई दी। उन्होंने कहा मैं उनके माता-पिता को भी बधाई देना चाहता हूँ, जिन्होंने अपने बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारिणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने निषाद सामज के लिए 10 लाख रूपए का स्विकृती की गई। और समाज को एकजुट होकर समाज को आगे बढ़ाने की बात कही।





### पढ़ाई करके समाज का नाम करें रौशन

अध्यक्ष जिला बालोद निषाद समाज के राजेन्द्र निषाद ने कहा कि हम समाज और शिक्षक के लिए महेनत कर रहे हैं जिसमें हमारे निषाद समाज के बेटी-बेटा पढ़ाई करके आगे बढ़े और समाज का नाम रोशन करें। इस अवसर पर राजेन्द्र कुमार निषाद जी अध्यक्ष जिला निषाद समाज बालोद, श्रीमति तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद, गुलशन चंद्राकर जिला पंचायत सदस्य,श्रीमति नेम चुम्मन अटलखाम जी जनपद सदस्य, परस निषाद जी सरपंच ग्राम पंचायत भिलाई, संतोष निषाद जी, ग्राम पंचायत आमटी सरपंच दुर्गा पुरूषोत्तम चौधरी,छगन लाल विनायक,गोपी राम निषाद,रविन्द्र निषाद,तोरण परकार, तोमन निषाद,राजेंद्र निषाद,गेंद लाल निषाद , बहुसिंग निषाद,राम प्रसाद निषाद,श्री मनोहर लाल निषाद,श्री अशोक निषाद,श्री नन्द कुमार निषाद,श्रीमति गायत्री केवट सहित समस्त जिला पदाधिकारी समस्त परिक्षेत्र अध्यक्ष का एवं सामाजिक जन भारी संख्या में उपस्थित रहे। साथ ही साथ पत्रिकारिता के क्षेत्र में अंडा संजय कुमार साहू पत्रकार को प्रतिक चिन्ह श्रीफल देकर विधायक कुंवर सिंह निषाद द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्वागत मंच राजेन्द्र कुमार निषाद के द्वारा किया गया।

# शीतला सब्जी मंडी का किया जा रहा उन्नयन कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पद्मनाभपुर स्थित शीतला सब्जी मंडी में जलभराव की समस्या से निजात दिलाने उन्नयन किया जा रहा है, बारिश का पानी न ठहरे

■ नई दुकान बनेंगी, पार्किंग एरिया भी मिलेगा

इसके लिये पसरा की हाईट बढ़ाकर ड्रेनेज़ सिस्टम बनाया जा रहा है जिसका विधायक गजेन्द्र यादव ने निरीक्षण कर निर्माण कार्य से संबंधित एजेंसी से निर्माण से जुड़ी जानकारियां ली और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। मार्केट में आने वाले ग्राहकों के लिए व्यवस्थित पार्किंग और व्यापार को बढ़ाने 19 नई दुकानें भी बनेगी। शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा की शीतला सब्जी मंडी के व्यापारियों ने मार्केट में जलभराव की समस्या बताई थी, समस्या का निराकरण करने मार्केट का उन्नयन किया जा रहा है।

यह विकास कार्य क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने और स्थानीय व्यापारियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। व्यापारियों ने बताया की सब्जी मंडी में निकासी नाली नीचे होने के कारण बारिश का पानी भर जाता है, जलभराव की समस्या कई सालों से बनी हुई है जिसे कई बार जनप्रतिनिधियों को जानकारी दिए लेकिन कुछ नहीं हुआ। उन्होंने जब विधायक गजेन्द्र यादव को बारिश में मंडी में पानी भरने के कारण सब्जी को चबूतरे तक ले जाने की समस्या बताये थे।

### 19 दुकान के साथ ड्रेनेज सिस्टम

वार्ड 29 अंतर्गत माँ शीतला सब्जी मंडी में हो रहे उन्नयन कार्य में बारिश का पानी न ठहरे इसके लिए ड्रेनेज सिस्टम बन रहा है। बाजार के भीतर वर्तमान में पसरा के हाईट ऊंचाई को करीब ढाई फिट ऊपर किया जायेगा। 1करोड़ 73 लाख की राशि से होने वाले कार्य में बाजार के किनारे 19 दुकान भी बनेंगे। बाजार आने वाले ग्राहकों के लिए पार्किंग एरिया भी होगा। नये बनने वाले दुकानों से यहां का व्यापार भी बढ़ेगा। इस दौरान सभापति श्याम शर्मा, मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, पार्षद शिव नायक, गुड्डू यादव, कमल देवांगन, कुलेश्वर साहू मंडी बोर्ड के एसडीओ प्रवीण पाण्डेय उपस्थित रहे।

# महापौर-आयुक्त ने देखी वार्डों की सफाई व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

महा सफाई अभियान के तहत महापौर अलका बाघमार ने कमिश्नर सुमित अग्रवाल, एमआईसी नरेंद्र बंजारे, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, प्रभारी नीलेश अग्रवाल, पार्षद संजय अग्रवाल सरिता चंद्राकर सहित वार्ड 45 पद्मनाभपुर क्षेत्र का निरीक्षण किया। लोगों की शिकायत पर महापौर ने तृप्ति रेस्टोरेंट के संचालक को पीछे सफाई व्यवस्था के साथ साथ अन्य व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने एमआईजी, मिनी स्टेडियम, जनता मार्केट विश्वदीप स्कूल के आस पास पैदल भ्रमण कर सफाई व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने नाली सफाई व्यवस्था को लेकर सुपरवाइजर को तल तक नाली सफाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर ने मिनी स्टेडियम के पास कचरा कलेक्शन रिक्शा को रुकवाकर गीला-सूखा कचरा की जांच की। उन्होंने कहा कि गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करना जरूरी है क्योंकि इससे पर्यावरण की सुरक्षा होती है। अधिकारियों ने बताया कि छोटी गुमटियों से लेकर बड़े होटल, मोहल्ले के घरों और पद्मनाभपुर क्षेत्र को भी कचरे के पृथक्करण के लिए निरंतर समझाईश दी जा रही हैं। उन्होंने दुकानदारों को भी अपने आस पास के कचरों को इकट्ठा करके अपने कचरा डिब्बा में डालकर निगम की गाड़ियों को देने की बात कही।

### महापौर ने कर्मचारी के घर पहुंचकर उपादान की राशि का चेक प्रदान किया

महापौर अलका बाघमार ने सभापति श्याम शर्मा, वित्त व लेखा विभाग प्रभारी नरेंद्र बंजारे, लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर, बाज़र व राजस्व प्रभारी शेखर चन्द्राकर, नीलेश अग्रवाल, ममता सेन के साथ मंगलवार शाम को सेवानिवृत्त निगम कर्मी कचरा बाई सोनी भृत्य को चार लाख रुपये का राशि चेक और ठाकुर राम यादव, सहायक राजस्व निरीक्षक को 84 हज़ार रुपये का चेक घर जाकर उपादान (ग्रेच्युटी) की राशि प्रदान किया। निगम प्रशासन द्वारा ऐसे कर्मियों को उपादान की राशि के भुगतान की तैयारी की जा रही है। इसके लिए 300 पात्र कर्मचारियों के नामों की सूची जारी की है। इन कर्मचारियों को 8 करोड़ से ज्यादा भुगतान का प्रावधान किया गया है। महापौर अलका बाघमार एवं वित्त एवं लेखा प्रभारी नरेंद्र बंजारे ने उपादान राशि का चेक देने बीमार सेवानिवृत कर्मियों के निवास पर पहुंची और उन्हें डेमो चेक देकर भुगतान की प्रतिबद्धता का एक नया उदाहरण पेश किया। संचित निधि के ब्याज से भुगतान की तैयारी कर ली गई है। बता दे कि नगर निगम में सत्ता परिवर्तन के बाद पिछले दिनों सामान्य सभा में मौजूदा परिषद ने कर्मचारियों को उपादान की राशि भुगतान का निर्णय लिया था। निगम प्रशासन द्वारा जल्द कर्मचारियों के खाते में राशि डाला जाएगा।



# यादव समाज के लोगों में आक्रोश कहा- सत्ता में भागीदारी मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ यादव की बजाय अन्य को देने पर जताई नाराजगी, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

यादवों को मंत्रीमंडल, निगम एवं मण्डलों में मौका नहीं दिए जाने से यादव समाज में रोष व्याप्त है। समाज के लोगों ने गौसेवा आयोग व दुग्ध महासंघ अध्यक्ष पद यादव की बजाय अन्य समाज के लोगों को देने पर नाराजगी जताते हुए जमकर नारेबाजी की, साथ ही उन्होंने आज मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपी है।

यादव समाज को सत्ता में भागीदारी देने एवं छग राज्य गौसेवा आयोग तथा दुग्ध महासंघ अध्यक्ष पद पर यादव समाज के लोगों को ही नियुक्त किए जाने मांग की हैं। छत्तीसगढ़ यादव ठेठवार महासभा के प्रांताध्यक्ष गुलेन्द्र यादव के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपने पहुंचे। छ.ग. (ठेठवार) यादव समाज महासभा के प्रांताध्यक्ष गुलेन्द्र कुमार यादव, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष खेमराज यदु, रिवेन्द्र यादव, रमन लाल यादव आदि ने निगम एवं मण्डल की सूची में यादव समाज को प्रतिनिधित्व नहीं मिलने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि विभिन्न जातियों के पैतृक व्यवसाय से जुड़े निगम, मंडल व बोर्ड में उन्हीं समाज के लोगों को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है मगर गौपालन व दुग्ध व्यवसाय से जुड़े यादवों को गौसेवा आयोग एवं दुग्ध महासंघ तक के अध्यक्ष पद से वंचित रखा गया है। मांग पूरी नही होने पर मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने की भी चेतावनी दी गई है।



### अहिल्या देवी होल्कर के जीवन चरित्र पर नाट्य मंचन की तैयारी

**भिलाई।** संपूर्ण देश में अहिल्या देवी होल्कर की त्रिशताब्दी जन्म जयंती के अवसर पर उनके कर्तव्य तथा वीरता से भरे जीवन चरित्र पर नाट्य, संगीत नाट्य, चर्चा, गोष्ठी, चित्रमाला जैसे अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। देश के लगभग सभी बड़े तथा छोटे शहरों में चर्चा व गोष्ठी के साथ नाट्य मंचन भी हो रहे हैं।

## पेज 9 के शेष

### गायत्री परिवार के शिविर के ...

निर्देश सोनबोईर ने फूल माला एवं गुलदस्ता से स्वागत किया गया। इस दौरान दशरथ कलिहारी ने गुरुदेव के आध्यात्मिक जीवन युग निर्माण योजना और यज्ञ, संस्कार तथा बालोद में होने वाले 108 कुंडी यज्ञ होने जिसमें सहयोग करने की जानकारी दिया। संगीता सिन्हा ने गायत्री परिवार के कार्यों की सराहना किया तथा अपने घर के पास मंदिर होने और परिवार इस संस्था से जुड़ा है बच्चो ने 4 दिन शिक्षा अर्जित किए हैं उसे जीवन में सफलता पाने के लिए करे संस्कारित रहे। प्रतिभा चौधरी ने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि वह घर में होने वाले नशापान से दूर रहे और स्वयं के साथ परिवार को भी संस्कारवान बनाए।

डॉ प्रदीप जैन समाज सेवी ने प्रशिक्षण में दिए गए ज्ञान, शिक्षा को जीवन में लाए कोई भी व्यक्ति अपने में पूर्ण नहीं होता जहां ज्ञान शिक्षा मिले प्राप्त करना चाहिए। ब्रह्मदेव पटेल ने भी बच्चो में संस्कार होना आवश्यक है, इस शिविर बताए गए विषय की प्रशंसा करते हुए कहा यह बच्चो के लिए प्रेरणादायक इसे जीवन में आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम मे 4 प्रशिक्षकों की बिदाई हुई, जिसमे दुष्यंत कोलियर, मिलन सिन्हा, वीरेंद्र साहू, चेमन साहू, रेणुका गंजीर, मुकेश साहू रहे। इस कार्यक्रम में भोला राम साहू लोहारा भी मौजूद रहे। शिविर में बताए गए व्यायाम और योग का प्रदर्शन को बच्चो ने दिखाया, सूर्य नमस्कार जय कुमार साहू, पांडे पारा योगेश्वर, तेजस्वी, गजेन्द्र ने तथा प्रज्ञा योग दीपिका गावरे, टेमीन रावते, खुशबू ने किया। बच्चो के प्रशिक्षण के साथ साथ गायत्री परिवार के लोगों ने भी पांच दिन प्रशिक्षण लिए हेमवती सिहरे, कांति राणा, कोशिकी सोनबोईर, शांति साहिबा, ईशरी, भुनेशरी, रूखमणी, निर्मला सोनवानी, भूमिन पटेल, अनीता, दुलारी केसर मेश्राम, शिविर संचालन में सहयोगी बीएस नायडू, निदेश सोनबोईर, युगल किशोर, कमल टुवानी, टीआर साहू, कमल साव, पीलू राम साहू, पिपरछेड़ी शंकर साहू, शिव कलिहारी, राणा दशरथ कलिहारी, आरपी यादव, लोचन साहू, नियमित प्रशिक्षार्थऍ पांडे पारा बालोद से जय कुमारशाहू, चंद्र हसनी, डिम्पल यादव, गौरीशहु पुरवा साहू, स्नेहा साहू, दीपिका गावरे गरिमा यादव उपस्थित थे। आरपी यादव ने मंच संचालन किया आभार लोचन राम साहू ने किया।

### युक्तियुक्तकरण व काउंसिलिंग ...

गंधर्व, सावित्री निर्मलकर, धीराजी पटेल, लोकेंद्र साहू, मनोज ठाकुर, दुर्गेश यादव, चित्रभान साहू, नोखेलाल साहू, नेतराम पटेल, योगेश ठाकुर, नारायण साहू, मोहन सिन्हा, मुनमुन सिन्हा, सरिता दिवान, द्रौपदी साहू उपस्थित थे।

### युक्तियुक्तिकरण नीति के ...

अधिकारी–कर्मचारियों के द्वारा निर्धारित क्रम अनुसार विषयवार शिक्षकों की काउंसलिंग की प्रक्रिया को संपन्न किया गया। इस दौरान कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा काउंसलिंग प्रक्रिया पूरा होने के पश्चात व्याख्याताओं को आदेश पत्र प्रदान कर उन्हें शुभकामनाएं दी। प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी डीपी कोसरे ने बताया कि पहले दिन आज 02 जून को युक्तियुक्तिकरण के तहत चिन्हांकित ई एवं टी संवर्ग के सभी व्याख्याताओं, पूर्व माध्यमिक शालाओं के प्रधान पाठकों एवं उच्च श्रेणी के शिक्षकों का काउंसलिंग कर उन्हें आदेश पत्र सौंपा गया। उन्होंने बताया कि सुबह 10 बजे से प्रारंभ काउंसलिंग प्रक्रिया के दौरान व्याख्याता ई संवर्ग के अंतर्गत हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, जीवविज्ञान, भौतिक, राजनीतिशास्त्र, भूगोल, अर्थशास्त्र, वाणिज्य एवं रसायन विषय के व्याख्याताओं का काउंसलिंग कर होने आदेश पत्र सौंपा गया।

इसी तरह व्याख्याता टी संवर्ग के अंतर्गत हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, जीवविज्ञान, भौतिक, राजनीतिशास्त्र, भूगोल, अर्थशास्त्र, वाणिज्य एवं रसायनशास्त्र विषय के व्याख्याताओं का काउंसलिंग कर उन्हें आदेश पत्र सौंपा गया। इसी तरह आज दोपहर 01.30 बजे से शुरू किए गए काउंसलिंग प्रक्रिया के दौरान ई संवर्ग के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठकों एवं शिक्षकों का काउंसलिंग कर उन्हें आदेश पत्र सौंपा गया। इसी तरह प्रधान पाठक माध्यमिक शाला एवं शिक्षक टी संवर्ग के अंतर्गत कला, हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान विषय के शिक्षकों का काउंसलिंग कर उन्हें आदेश पत्र सौंपा गया। प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि काउंसलिंग की पूरी प्रक्रिया को पारदशऍ तरीके से संपन्न कराने हेतु काउंसलिंग में शामिल होने के लिए उपस्थित शिक्षकों को रिक्त शालाओं की जानकारी प्रदान करने हेतु काउंसलिंग स्थल में लगाए गए प्रोजेक्टर के माध्यम से रिक्त शालाओं की जानकारी को प्रदर्शित किया गया। इसके अलावा जिला पंचायत कार्यालय के सूचना पटल पर भी रिक्त शालाओं की जानकारी अवलोकन हेतु प्रदर्शित की गई है। उन्होंने बताया कि इस तरह से आज पहले दिन व्याख्याता ई संवर्ग के 67 एवं टी संवर्ग के 15 व्याख्याताओं के अलावा ई संवर्ग के प्रधान पाठक माध्यमिक शाला के 01 एवं 120 उच्च वर्ग शिक्षकों सहित टी संवर्ग के पूर्व माध्यमिक शाला के 17 उच्च वर्ग शिक्षकों का काउंसलिंग कर उन्हें संबंधित शालाओं में पदस्थापना के संबंध में आदेश पत्र सौंपा गया।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

फीचर इम्पैक्ट

ॐ

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

BHARTI VISHWAVIDYALAYA

## भारती ग्रुप पिछले 28 वर्षों से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है...

**विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग शिक्षा, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर, नये-नये पाठ्यक्रम संचलित कर युवाओ को उच्च-शिक्षा प्रदान कर रहा है। विद्यार्थियों को अपने ही राज्य में रहकर कम खर्च में अध्ययन करा रहें हैं, जिससे राज्य के विद्यार्थियों को स्व-रोजगार प्राप्त करने का नव-अवसर मिल रहा है और आगे मिलता रहेगा...**

### इंडस्ट्रीयल सेफ्टी में डिप्लोमा कर रोजगार के नए अवसर




भारती विश्वविद्यालय मे बीए, बीकाम, बीएससी डिप्लोमा एवं पीजी कोर्स सेमेस्टर प्रणाली में संचालित किये जा रहे है। विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में कोर्सेस की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा निती 2020 के सिलेबस को जोड़कर कई नये विषयों मे स्नातक एवं पीजी सेमेस्टर प्रणाली से पढ़ाई प्रारंभ किया गया है। विद्यार्थीयों को सिलेबस के विस्तृत ज्ञान की प्राप्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से इस सेमेस्टर पाठ्यक्रमों को प्रारंभ किया गया है। सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन से IAS, IPS, IES, IFS, IRS आदि अन्य सभी शासकीय परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करना सरल होता है।



## ADMISSION OPEN FOR THE SESSION 2025-26

### Law
- B.A. LLB
- LLM
- B.Com LLB
- LLB

### Pharmacy
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma
- Ph. D.

### Engineering
(Full Time / Part Time)
- M.Tech / B.Tech / Diploma
- CSE • Civil • ET&T
- Mechanical • Electrical
- Artificial • Intelligence
- & Machine Learning

### Journalism
- BAJMC
- MAJMC

### Library Science
- M.Lib
- B.Lib
- D. Lib

### Hotel Management
- BHM
- MHM

### Education
- D.El.Ed.
- B.Ed.
- M.Ed.

### Film Making
- B.A.
- M.A.

### Physical Education
- Bachelor of Physical Education and Sports (B.P.E.S) Eligibility (10+2)
- Masters of Physical Education and Sports (M.P.E.S) Eligibility (B.P.E.S)

### Arts/science/commerce
- B.Sc / M.Sc (Forensic Science)
- BBA
- MBA
- DCA
- BCA
- PGDCA
- B.A. (Hons)/M.A (All Subjects)
- B.Com. (Hons)
- M.Com.
- DSW
- BSW
- MSW
- B.Stat
- M.Stat
- BRS
- MRS
- MPH
- B.Sc (Hons) / M.Sc - All Subject
  - Chemistry • Maths • Physics
  - Biotechnology • Botony • Zoology
  - Microbiology • Computer Science
  - IT • Home Science • Multimedia &
  - Design • Animation & Visual Effects

### Diploma Courses (1year)
- Forensic Science
- Corporate Law
- Yoga Science
- Digital Marketing
- Interior Design
- Nutrition & Dietetics
- Fashion Design
- Cyber Crime
- Multimedia & Graphic Animation

**Ph. D. Available in all Subject**

Afft. to Ayush University, Raipur
**BAMS** Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery
**B.Sc (Nursing)**

Afft. to IGKV Raipur
**B.Tech. Agricultural**
**B.Sc. Agricultural**



### फोरेंसिक साइंस में रोजगार के नए अवसर

**फोरेंसिक साइंस** - आगामी वर्षों में फोरेंसिक साइंस के क्षेत्र में जॉब के सबसे ज्यादा मांग हैं। बीएससी फोरेंसिक साइंस विद्यार्थीयों को देश-विदेश के फोरेंसिक शिक्षण संस्थानों में प्राध्यापक एवं फोरेंसिक एक्सपर्ट के रुप में कार्य करते है। सरकारी विभागों जैसे गृह विभाग, पुलिस, इंटेलिजेंस और क्राइम इन्वेस्टिगेशन से संबंधित अन्य एजेंसियों में फोरेंसिक साइंस का विशेष महत्व है। बीएससी फोरेंसिक साइंस प्रवेश हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता 12वीं गणित / जीवविज्ञान उत्तीर्ण, एमएससी फोरेंसिक साइंस हेतु बीएससी उत्तीर्ण, डिप्लोमा हेतु 12वीं उत्तीर्ण एवं पीजी डिप्लोमा हेतु बीएससी उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

### समाज में एक मजबुत व्यवस्था का निर्माण, जिससे न्याय और शांति की नीव रखी जाएगी

**लॉ (कानून)** - लॉ एजुकेशन में विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में इस शिक्षा की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए लॉ संकाय में बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, एलएलबी एवं एलएलएम पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिये इंटीग्रेटेड लॉ 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण, एलएलबी में प्रवेश के लिए किसी भी संकाय में स्नातक एवं एलएलएम में प्रवेश के लिए एलएलबी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। लॉ की पढ़ाई के बाद अपने कैरियर बनाने के कई विकल्प मौजूद हैं वकालत, न्यायाधीश, कानूनी सलाहकार बनने के साथ ही कॉर्पोरेट सेक्टर से संबंधित बैंकों, वित्तीय सेवा विभाग, वित्त और लेखा विभाग, पर्यटन उद्योग, मानव संसाधन विभाग, इंवेस्टमेंट बैंकिंग जैसे सेक्टर में अपार संभावनाएं हैं।

## ज्ञान, कौशल और सफलता की कुंजी इंजीनियरिंग

**हमारे छत्तीसगढ राज्य में भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनी पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड एवं बड़ी बड़ी कम्पनियो के निवेश से तकनीकी क्षेत्र मे अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो को राज्य में ही रोजगार के नया अवसर प्राप्त होगा।**

एआईसीटीई से बीटेक एवं पॉलीटेक्निक पार्टटाइम कोर्स में प्रवेश की अनुमति प्राप्त की है। इस पार्टटाइम कोर्स के प्रारंभ होने से छत्तीसगढ़ में कार्यरत शासकीय एवं निजी क्षेत्रो पर कार्यरत प्रशिक्षार्थियों के लिये बहुत लाभकारी होगा। पॉलीटेक्रीक उत्तीर्ण प्रशिक्षु इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर ब्रांच में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षु डिप्लोमा पॉलीटेक्नीक में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। इस प्रकार प्रशिक्षु अपने कार्यरत विभाग में पदोन्नति का अवसर प्राप्त कर निरंतर विकास की ओर अग्रसर हो सकते है।

**फूड एंड न्यूट्रीशन कोर्स कर सफल टाईटिशियन बनें**

दो वर्षीय एवं डिप्लोमा न्यूट्रिशन एक वर्षीय एंड डाइटेटिक्स कोर्स सुचारु रुप से संचालित है इस विषय में प्रवेश हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता 12वीं बायोलॉजी जीव विज्ञान, गणित विषय के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है एवं एमएससी के लिए बीएससी होम साइंस बीएससी फूड एंड न्यूट्रिशन इत्यादि उत्तीर्ण होना आवश्यक है। जिसके अंतर्गत लिक्विड एवं सॉफ्ट डाइट, थेरेपिटिक डाइट पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस विषय के माध्यम से विद्यार्थी अपना भविष्य सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्र में फूड इंस्पेक्टर, हेल्थ साइंस, डाइटिशियन, न्यूट्रीशनिस्ट, फूड रिसर्चर इत्यादि में बना सकते हैं।

## - TOP RECRUITERS -

WIPRO LTD. | ASHOK L by LAYAM GROUP | JINDAL ELECTRICAL | HCL INFOSYSTEMS LTD | TATA CONSULTANCY SERVICES | L&T CONSTRUCTION | SUZUKI MOTORS | MAHINDRA & MAHINDRA LTD. | SUZLON ENERGY LTD. | BOC INDIA LTD. | DHOOT TRANSMISSIONS | ADVIK HIGH TECH Pvt. Ltd. | HIRA POWER & STEEL | MAINTEC TECHNOLOGIES | IDBI BANK LIMITED | JUST DIAL LIMITED



**62322-21101 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07**

www.bhartiuniversity.org bhartiuniversity.in@gmail.com

SCAN ME

## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर फोन चोरी, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** घर में घुसकर मोबाइल फोन चोरी करने वाले युवक व अपचारी बालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 331(4), 305(ए), 03(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि नेहरु नगर निवासी जगदीश आहूजा के मकान से दो मोबाईल चोरी होने की शिकायत पुलिस में किया था। पुलिस ने जांच कर सूचना पर आरोपी नेहरु नगर सुपेला निवासी साजन दास और अपचारी बालक को गिरफ्तार किया। पूछताछ में मोबाइल चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी व अपचारी बालक के निशानदेही पर दो मोबाइल जब्त किया। घटना सुपेला थाना क्षेत्र का है।

### राशन दुकान से 40 हजार का चावल पार

**भिलाई।** राशन दुकान से अज्ञात ने 40 हजार रुपए का चॉवल पार कर दिया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 323 (4), 331(4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि प्लाट नंबर 118 फेस 02 सुंदर विहार कालोनी कुरूद निवासी विजय कुमार साहू ने शिकायत किया है कि घासीदास नगर में स्थित नवयुग महिला स्व सहायता समूह में पत्नी रूपा देवी अध्यक्ष है। 30 मई को दुकान की सेल्समेन चांदनी जोशी रात को दुकान बंदकर घर लौट आई थी। दूसरे दिन सुबह दुकान खोलने पर दुकान के छत में लगा एजबेस्टर सीट टूटा पड़ा मिला।

### बीएसपी स्क्रेप जब्त दो गिरफ्तार

**भिलाई।** बीएसपी में फर्जी गेटपास बनाकर कार में लोहे का स्क्रैप केबल पार करते दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताय कि प्लांट के सीओ सीसीडी क्षेत्र से 240 किलो स्क्रैप कॉपर केबल चोरी कर कार सीजी 07 सीवाई 1564 में लादकर बोरिया गेट से बाहर निकलने का प्रयास दो युवक कर रहे थे। स्क्रैप की कीमत 1.32 लाख आंकी गई है। सीआईएसफ यूनिट कार को गेट के पास रोक दिया था। चेक करने पर कार के पिछली सीट के नीचे गुप्त केवीटी बना हुआ था। जहां से स्क्रैप कॉपर केबल भरा हुआ पड़ा मिला। कार चालक से पूछताछ करने पर अपना नाम राम नगर सुपेला निवासी शिवम यादव बताया। सत्यापन के लिए उसे बीएसपी प्लांट का गेट पास चेक करने पर उसमें भी उसका फोटो चस्पा हुआ था। लेकिन गेट पास में दूसरे का नाम लिखा हुआ था। साजिश के तहत उक्त सामान को चोरी करने शुभम ने फर्जी गेट पास बनाया हुआ था। आरोपी शिवम यादव द्वारा अपने अन्य साथी शक्ति नगर छावनी मनोज कुमार उर्फ मोनू वर्मा नामक युवक के साथ मिलकर बीएसपी का फर्जी गेटपास बनाकर संयंत्र के अंदर प्रवेश किया करते थे। कार्रवाई में भठ्ठी पुलिस थाना प्रभारी राजेश साहू और सीआईएसएफ यूनिट का अहम योगदान रहा है।

### सड़क हादसे में घायल बीएसपी कर्मी की मौत

**भिलाई।** सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए बीएसपी कर्मी रिचर्ड अतीत की मौत हो गई। वायर रॉड मिल ऑपरेशन के कर्मचारी रिचर्ड का 26 मई की दोपहर भिलाई 3 पदुमनगर के पास हाइवे पर एक्सीडेंट हुआ था।

**आयोजन : एलोवेरा के पत्तों से साबुन, शैंपू, फिनाइल और लोशन आदि बनाना सिखाया**

# ग्रीष्मकालीन शिविर में योग, कबड्डी, खोखो, रिले रेस बैडमिंटन स्पर्धाएं हुईं और विविध कार्यक्रमों की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद





पीएम श्री शासकीय प्राथमिक विद्यालय सिरसिदा संकुल केंद्र परसदा विद्यालय में 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विषयों के शिक्षकों ने 10 दिनों तक अपनी सेवाएं देकर बच्चो को विभिन्न ज्ञानवर्धक व खेल व अन्य गतिविधियां कराकर उनकी प्रतिभा को निखारने का काम किया गया। जिसमे खेल शिक्षिका उमेश्वरी धुरव ने सूर्य नमस्कार, पवनमुक्तासन भाग 1, भाग 2, भाग 3, आसन प्राणायाम, हास्य योग, कर्म योग, श्वसन, खेल कबड्डी, खो खो, रिले रेस, बैडमिंटन, क्रिकेट, कैरम एवं शतरंज का खेल खेला।

स्पोकन इंग्लिश शिक्षिका जयश्री ने व्यंजन, स्वर, संज्ञा परिचय मानव शरीर का व्याकरण नाम डैश नाम हस्ताक्षर एवं अंग्रेजी में वर्णमाला का पाठ पढ़ाया। कला एवं शिल्प शिक्षिका वर्तिका चक्रधारी ने बच्चों को कागज से पेंसिल बनाना, पक्षी चित्रंकन, मंडला आर्ट क्राफ्ट आर्ट, पशु मुखौटे, ड्रेस आर्ट एवं पेंटिंग बनाना सिखाया। नृत्य एवं संगीत शिक्षिका बाली देवदास ने बच्चों को सा रे गा मा पा हिंदी छत्तीसगढ़ी गीत छत्तीसगढ़ी लोकगीत लोकनृत्य गायन एवं नृत्य के माध्यम से सिखाया। योग नेचुरोपैथ आदित्य टंडन ने नेचुरोपैथी के विभिन्न चिकित्सीय आहार, औषधियों और विभिन्न औषधीय पौधों के बारे में जानकारी दी। कम्प्यूटर शिक्षक महेंद्र साहू ने कम्प्यूटर के बारे में बेसिक जानकारी दी और कम्प्यूटर के साथ उपयोग होने वाले अन्य उपकरणों के नाम बताए। उन्होंने कम्प्यूटर चलाना, कम्प्यूटर पर पेंटिंग करना, टाइप करना, कम्प्यूटर को विभिन्न उपकरणों से जोड़कर उपयोग करना आदि भी सिखाया। तबला वादक देव साहू ने तबले की धुन के साथ बच्चों को ता दा दा धी दा धी सिखाया और तबला बजाने का अभ्यास कराया, जिसमें कुछ बच्चे सफल भी हुए। पालेश्वर कुंभकार ने मूर्तिकला के बारे में जानकारी दी और बच्चों को चक से दीया मटकी, पशु पक्षी और अन्य प्रकार की मूर्तियां बनाकर पेंटिंग का अभ्यास कराया। कलाकार हरीश देशमुख ने मेंढक, रोबोट, ड्रोन और जंगली खिलौनों से रंगोली बनाना सिखाया। रागिनी साहू ने बच्चों को फूलों और एलोवेरा के पत्तों से साबुन, शैंपू, फिनाइल और लोशन आदि बनाना सिखाया।

### गुड टच बैड टच की जानकारी दी

गीतिका देशमुख ने बच्चों को गुड टच बैड टच के बारे में जानकारी दी, जिसमें प्रतिदिन अधिक संख्या में बच्चे उपस्थित होकर इसका लाभ उठाया। प्रतिदिन बच्चों को नाश्ते में अलग–अलग खाद्य सामग्री दी गई जिसमें इटली पोहा हलवा उपमा एवं अन्य खाद्य सामग्री शामिल थी। समापन सत्र का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई, जिसमें मां सरस्वती का वंदना गीत दसेंद्र साहू एवं हीरालाल साहू सर के द्वारा गाया गया, साथ ही चालएँ एवं नेहा के द्वारा स्वागत गीत गाया गया। अतिथियों के लिए स्वागत गीत गाया गया। बच्चों द्वारा बनाई गई कला—तियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसे अतिथियों ने सराहा एवं विद्यार्थियों ने आदिवासी गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। सभी अतिथियों ने विद्यालय परिवार एवं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधान पाठक ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों एवं शिक्षकों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुरूषोत्तम चंद्राकर, सरस्वती चंद्राकर दामिनी चंद्राकर, शिक्षाविद् पटेल, दुर्गा प्रसाद, धनेश्वरी साहू, दर्शेन्द्र साहू, गीतिका देशमुख, चंदू लाल ठाकुर, महेश साहू, राकेश साहू, संकुल समन्वय, शैलेन्द्र पांडे, आदित्य टंडन व ग्राम के नागरिक एवं विद्याथएँ उपस्थित थे।

## युवा शिविर में नैतिक और बौद्धिक विकास पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान मे गायत्री परिवार गुण्डरदेही ब्लाक द्वारा युवा शक्ति को जागृत करने हेतु 1 जुन से 5 जुन तक पांच दिवसीय युवा शिविर का आयोजन साहू सदन गुण्डरदेही मे किया जा रहा है।

जिसका शुभारंभ रविवार को हुआ, जहां युवाओं के नैतिक, बौद्धिक विकास, सामाजिक विकास हेतु व्यक्तीतत्व निर्माण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर मे जीवन लक्ष्य का निर्धारण सफ़लता के सूत्र व्यक्तित्व निर्माण के सूत्र सुबह योग प्राणायाम ध्यान करना, अलग–अलग दिनों में विभिन्न विषयों में प्रोजेक्टर के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह आयोजन निःशुल्क है, वही आज 3 जून मंगलवार को दोपहर 3 बजे नगर मे विशाल नशामुक्ति जागरुकता रैली निकाली जाएगी। जिसमे ब्लाक के गायत्री परिवार के लोग शामिल होगे। शिविर का समापन 5 जुन को होगा, जिसमे विधायक कुंवर सिंह निषाद, तहसील अध्यक्ष डॉ.मानसिंग सार्वा, पुर्व नगर पंचायत अध्यक्ष केके राजु चन्द्राकर, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भोजराज साहू, जीआर साहू, सुचित्र साहू, जनपद सदस्य पुर्णिमा साहू, वंदना हिरवानी होगे।

### अरजपुरी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**डौंडीलोहारा।** वनांचल ग्राम अरजपुरी के बाजार चौक में 03 जून दिन मंगलवार को चिरायु पोल्ट्री एंड फीड्स द्वारा निशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे बालोद जिले के सुप्रसिद्ध नरसिंह मल्टीस्पेसिलिटी हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा जांच की जाएगी,साथ ही क्षेत्र व ग्रामवासी के स्वास्थ की चिंता करते हुए द्वितीय बार ग्राम में स्वास्थ शिविर का आयोजन चिरायु पोल्ट्री एंड फीड्स द्वारा किया जा रहा है,संचालकों ने कहा कि हम हर वर्ष ग्रामवासियों के बेहतर स्वास्थ को ध्यान में रखते हुए ऐसे आयोजन करते रहेंगे। निशुल्क स्वास्थ शिविर में प्रमुख रूप से श्री नरसिंह मल्टीस्पेसिलिटी हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ तारेश रावटे एवं विशेषज्ञों की टीम पहुंचेगी। स्वास्थ्य शिविर में सभी प्रकार के हड्डियों से संबंधित, समस्या, शिशु रोग,मूत्र रोग, ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी,नाक कान गला रोग, स्त्री रोग संबंधित विशेषज्ञ डॉक्टर्स की टीम के द्वारा जांच किया जाएगा।

## तंबाकू सेवन सेहत के लिए घातक, दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

संजयनगर स्थित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 31मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में संस्था प्रमुख लूणकरण ठाकुर के द्वारा बच्चों व शिक्षकों को धूम्रपान से होने वाली समस्याओं और बीमारियों के बारे में बतलाया गया।

कार्यक्रम प्रभारी रवींद्रनाथ योगी ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा तम्बाकू के द्वारा होने वाले स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं से जागरूक करना व अच्छे जीवन शैली हेतू प्रोत्साहित करना है। रेडक्रॉस प्रभारी सौरभ शर्मा के द्वारा बच्चों को वैज्ञानिक तथ्यों और आंकड़ों के माध्यम से तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभावों को समझाते हुए बताया कि तंबाकू न केवल कैंसर ,हृदय रोग और सांस लेने संबंधित समस्याओं का कारण है बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक रूप से भी परिवारों को प्रभावित करता है।व्याख्याता एनुका शार्वा ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए स्वयं के साथ साथ यदि परिवार में कोई तंबाकू का सेवन करता होगा तो उनके तंबाकू त्यागने के परामर्श और स्वास्थ्य सेवाएं भी हमारे स्वास्थ्य विभाग में उपलब्ध है ये जानकारी प्रदान किया गया। रेडकॉस और विद्यालयीन बच्चों के द्वारा नुक्कड़ नाटक और रैली का आयोजन नगर में किया गया जिसमें नशापान ना करने की जानकारी प्रदान की गई।सहायक शिक्षक हेमंत कुमार साहू के द्वारा बच्चों को नशापान के दुष्परिणामों की जानकारी प्रदान करते हुए उनसे संबंधित नारा , स्लोगन का वाचन कराया गया।

■ संजयनगर शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया

अंत में उपस्थित सभी बच्चों व शिक्षकों को नशापान ना करने व इसके रोकथाम के लिए प्रयास करने हेतु व्याख्याता दुकालूराम साहू द्वारा शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम में व्याख्याता पुष्पा कटेंद्र,संगीता वैदे,लवण साहू,सूर्योदय मानिकपुरी,निधि यादव,मोहित यादव सहित समस्त विद्यालयीन बच्चें व रेडक्रॉस के वालिंटियर उपस्थित थे।

## कपसदा में पनीर फैक्ट्री से निकल रहे पानी से उठ रही बदबू, ग्रामीण हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



कैवल्य फ्रेश नाम की पनीर फैक्ट्री को लेकर ग्राम कपसदा के ग्रामीण आक्रोशित हैं। आरोप है कि पनीर फैक्ट्री से निकलने वाली पानी से उठती बदबू से पूरा गांव परेशान हैं। इतना ही नहीं पानी की सड़ांध की वजह से खेती की जमीन बंजर हो रही है। बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल हो रहा है।

इसका असर अब लोगों की सेहत पर भी पड़ने लगा है। ग्रामीणों ने बताया कि पानी की वजह से करीब 20 एकड़ की खेती जमीन बंजर हो गई है। बदबू की वजह से लोगों को उल्टियां हो रही हैं, स्कूली बच्चे बेहोश हो रहे हैं। हालत यह है कि बदबू को लेकर पंचायत में बैठक बुलाई पड़ी, जिसमें ग्रामीणों ने फैक्ट्री संचालक को अल्टीमेटम भी दिया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। अब ग्रामीण आंदोलन की तैयारी में हैं। आरोप है कि फैक्ट्री में ऑर्गेनिक मिल्क एंड मिल्क प्रोडक्ट्स तैयार किए जाते हैं। निकलने वाले पानी में कैमिकल मिला हुआ है। फैक्ट्री से 500 मीटर की दूरी पर हाई स्कूल है। पंचायत की बैठक में फैक्ट्री मालिक को एक महीने का समय दिया गया है। पंचायत में कहा गया है कि फैक्ट्री के पानी से जो बदबू आ रही है, उसको बंद करें।

## किचन गार्डन में बूंद बूंद पानी का सदुपयोग करना सिखाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा



डौंडीलोहारा विकासखंड में इन दिनों जागरूकता अभियान के चलते बूंद बूंद पानी का सदुपयोग करने ग्रामीण भी अब धरातल पर कार्य करने लग गए हैं। घर घर कीचन गार्डन बनाने की विशेष पहल की जा रही है।

घरों ने निकलने वाले अनुपयोगी पानी को उपयोगी बनाने स्वच्छाग्रही समूह बेताब दिख रही है। नहाने धोने, बर्तन धोने, सब्जी धोने तथा हाथ पैर धोने के बाद यह पानी हमारे लिए अनुपयोगी है करके व्यर्थ बहा देते हैं। जी नहीं ये पानी हमारे अनुपयोगी नहीं है। इसे पुनः उपयोगी बनाया जा सकता है। इस पानी का सदुपयोग कीचन गार्डन में किया जा सकता है। कीचन गार्डन से जमीन के अन्दर शोषित होगा और हमें ताजी सब्जियां के साथ ही वाटर लेवल बढ़ाने में मदद मिलेगी। रेंगनी की रमन बावरे, दयावती गांवरे ,नीलम किसान,नेमीन कोठारी, दुर्गा सेन, नीरा निर्मलकर ,गंगोत्री तारम, अमरौतीन तारम,वीणा बढेद्र ,कृष्णी किसान,जैना खरे ,संगीता पटेल, अहिल्या गांवरे ,तुकेश पटेल, दुर्गा राणा मीणा पिस्दा, ठेकुंवर गांवरे सकीना गांवरे, रामहिन विश्वकर्मा,शिवबती खर ने बताया कि हमारे साथियों ने बूंद बूंद पानी की कीमत समझती है और कीचन गार्डन का निर्माण कर अनुपयोगी पानी को उपयोगी बनाने का कार्य कर रही है। रासायनिक खाद को बाय बाय कर जैविक खाद से कीचन गार्डन को पोषित कर रहे हैं जिससे शुद्ध व ताजी सब्जियां मिल रही है। हमारे समूह के द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर छोटी जगह में सभी लोगों को कीचन गार्डन का निर्माण करने प्रेरित किया जा रहा है।

## बुआ के घर आए नाबालिग को मारा चाकू, आरोपी की तलाश में पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

अपने बुआ के घर आए नाबालिग को अज्ञात लोगों ने चाकू मारकर गंभीर रुप से घायल करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम खेरुद गुडंरदेही जिला बालोद निवासी शेखर यादव 16 वर्ष अपने नानी खुर्सीपार स्थित तेलहानाला निवासी के यहां आया हुआ था। जहां पर साहू समाज का कार्यक्रम चल रहा था। शेखर कार्यक्रम में पहुंचा और बाहर निकलने पर कुछ युवको ने उसे रोक कर ताबडतोड़ पेट में चाकू से वार कर फरार हो गए। हमले के बाद शेखर सामने ही गिर पड़ा। आसपास के लोगों की मदद से पहले खुर्सीपार के निजी अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया। उसके बाद उसे सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले जाया गया। शेखर के शरीर पर लगे चोट की गंभीरता को देखते हुए राम नगर स्थित स्पर्श अस्पताल ले जाया गया। जहां शेखर का उपचार जारी है। खबर है कि शेखर पर हमले वाले मौके से फरार हो गए है। पुलिस आसपास में लगे सीसी कैमरों को खंगाला जा रहा है। जिसमें पुलिस ने एक आरोपी नाबालिग है।

### खोजबीन जारी

हमला करने वाले आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। घटनास्थल के आसपास में लगे सीसी कैमरों को खंगाला जा रहा है। इसके अलावा संदिग्ध किस्म के युवकों से पूछताछ की जा रही है। आरोपी जल्द गिरफ्त में होंगे।

-वंदिता पानीकर
प्रभारी थाना खुर्सीपार

### नशे के तस्कर गिरफ्तार

**भिलाई।** नशे के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि अवैध रूप नशीली कैप्सूल, टेबलेट का कारोबार करने वाले संतोष चन्द्राकर, ,सोमनाथ पाण्डेय, लिंगराज उर्फ सोनू यादव, मनीषा मखीजा को शनिवार को गिरफ्तार किया गया था। मामले की जांच करने पर इंड टू इंड कार्रवाई में हरीओम वाटिका के पास सिंधी कालोनी गोंदिया निवासी आरोपी जितेन्द्र बुधवानी उर्फ जीतू को पकड़ा गया। उसके पास से 3.18 लाख की नशीली दवा जब्त की गई।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**विकास कार्यों में दखल देने से ग्रामीण परेशान**

## चिल्हाटी कला के मनरेगा कार्यों को बाधित करने की कोशिश, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा



ब्लॉक के ग्राम पंचायत चिल्हाटीकला के ग्रामवासियों ने सरपंच व उपसरपंच का हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन 2 जून को डौंडीलोहारा के अनुविभागीय अधिकारी व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को सौपा है, जिसमें उन्होंने बताया है कि ग्राम चिल्हाटी कला में मनरेगा अन्तर्गत समुदाय के लिए मत्स्य पालन तालाब का निर्माण (चिहरी पुल के पास) एवं समुदाय के लिए बाटर फोर्स का निर्माण कार्य (दयालु घर से रामाधार खेत तक) प्रगति पर है, जिसमें ग्राम चिल्हाटीकला के नीलकमल साहू आत्मज लीलाधर साहू के द्वारा मनरेगा कार्य एवं ग्राम पंचायत के समस्त निर्माण कार्यों मे शिकवा शिकायत किया जाता है एवं मौखिक रूप से फोन के माध्यम से ग्राम पंचायत के अधीनस्थ कर्मचारियों के उपर कार्यवाही करने के लिए उच्च अधिकारियों पर दबाव डाला जाता है एवं बार बार सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आवेदन लगाकर भी ग्राम पंचायत मे परेशान करता रहता है।

वर्तमान में मनरेगा कार्य चल रहा है, जिसमे लगभग 190 मजदूर कार्यरत हैं एवं कार्यस्थल पर नीलकमल साहू की पत्नी द्वारा भी मनरेगा कार्यस्थल में सरपंच, उपसरपंच, पंचगण एवं सरपंच पति से झूमा झटकी हेतु आतूर हो जाती एवं अभद्र व्यवहार करते रहती है, और मना करने पर गाली गलौज पर उतर जाती है, और नीलकमल साहू द्वारा भी अपने आपको भारतीय जनता पार्टी के युवा महांमत्री पद में होने का रौब दिखाता है ,जिससे पंचायत प्रतिनिधी बहुत ही परेशान हैं एवं सोशल मीडिया ( फेस बुक) के माध्यम से गांव वालों को खून के आंसु रुलाने का धमकी दे रहा है जिसकी प्रति आवेदन के साथ संलग्न किया गया है।ग्रामवासियों ने एसडीएम कार्यालय एवं जनपद कार्यालय में पहुंचकर आवेदन के माध्यम से नीलकमल साहू एवं उसकी पत्नी के उपर ग्राम पंचायत के शासकीय कार्यों में बाधा डालने एवं ग्रामवासियों को खून आसू धमकी देने के आरोप में कार्यालयीन कार्यवाही किया जावे एवं भविष्य में इस प्रकार की घटना दोबारा न हो।

### शिकायत मिली कार्रवाई की जाएगी

सी ई ओ जप पंकज देव ने बताया कि चिल्हाटीकला के ग्रामीणों ने व्यक्ति विशेष के खिलाफ कार्य मे व्यवधान उपस्थित करने संबंधित आवेदन दिया है ।ग्रामीणों ने एस डी एम कार्यालय व थाने को भी सूचना दी है।आगे नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

